आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा में भाग लेने की अपील की, कहा–कुछ लोग विधेयक को लेकर फैला रहे हैं अफवाह।
- बरेली जिले से आज विशेष संचारी रोग नियंत्रण और स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नौ सौ तैंतिस करोड़ रुपये की परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन हो रही है मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना, मुख्यमंत्री ने की प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना।
- लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में आज शाम लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा आईपील क्रिकेट मैच।

**********

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पर विस्तृत चर्चा में भाग लेने की अपील की है। नई दिल्ली में कल श्री रिजिजू ने कहा कि विधेयक तैयार है। उन्होंने कहा कि कुछ नेता इस विधेयक पर अफवाह फैला रहे हैं कि यह समाज तथा राष्ट्र के लिए बहुत हानिकारक है।

***वक्फ कानून के ऊपर में लगातार बदलाव भी किया गया है और वक्फ कानून चलता रहा है और इसको गैर–संवैधानिक बताना, इससे बडा झूठ क्या हो सकता है और ये देश संविधान से चलता है, कानून से चलता है किसी का जमीन कैसे छीन सकता है इस तरह का झूठे बातें करके लोगों को बरगलाने का काम करना, ये तो ठीक नहीं है।***

श्री रिजिजू ने कहा कि विधेयक पर अब तक का सबसे व्यापक विचार–विमर्श संयुक्त संसदीय समिति ने किया है।

***जेपीसी बना करके इस बिल को रेफर किया गया। 97 लाख से ज्यादा मेमोरेंडम, रिक्वेस्ट, सजेशन रिसीव किया है तो इससे ज्यादा वाइडर कंसल्टेशन और क्या हो सकता है और तब जाकर के वक्फ अमेंडमेंट बिल को फिर से हम पार्लियामेंट में लेकर आ रहे हैं। रूल के मुताबिक प्रोसिज्योर को मेंटेन करते हुए संवैधानिक प्रक्रिया है, तो जिसको जिस पार्टी का भी मत रखना है, पार्लियामेंट में रखिए, देर रात तक अगर चर्चा करना है हम चर्चा करने के लिए तैयार है।***

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा है कि कई मुस्लिम धर्मगुरू इस बिल का समर्थन कर रहे हैं, जबकि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड इस बिल पर आपत्ति जता रहा है। उन्होंने बिल का विरोध करने वाले सभी राजनीतिक दलों और संगठनों की आलोचना की। वहीं, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में कल मीडिया से बातचीत में कहा कि यह बिल जब भी सदन में आएगा, समाजवादी पार्टी इसका विरोध करेगी।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में आज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरेली जिले से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत करीब एक दर्जन सरकारी विभाग आपसी समन्वय से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए पूरे माह विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। मुख्यमंत्री आज बरेली से ही स्कूल चलो अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर वह नौ सौ तैंतिस करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ बत्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा जीवन रक्षक सुविधाओं से लैस दो हजार पांच सौ चौवन नई एम्बुलेंस का फ्लैग ऑफ भी किया जाएगा।

**********

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में आज से नया सत्र शुरू हो रहा है। हमारे जौनपुर प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। नए सत्र के पहले दिन विद्यालयों को आकर्षक रूप से सजाकर छात्रों का स्वागत करने की तैयारी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि नगर पालिका के मैदान पर एक अप्रैल को राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव नए सत्र का शुभारंभ करेंगे। पहले दिन सभी विद्यालयों में पुस्तकों के वितरण का शुभारंभ किया जाएगा। बीआरसी से स्कूलों में किताबें भेजी जा रही हैं। एक से 15 अप्रैल और एक से 15 जुलाई तक दो चरण में स्कूल चलो अभियान चलाने की तैयारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए राहुल यादव जौनपुर।***

**********

आज से पूरे प्रदेश में अनधिकृत ई–रिक्शा और ऑटो के खिलाफ विशेष अभियान शुरू हो रहा है। यह तीस अप्रैल तक चलेगा। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलने वाले इस अभियान के लिए अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन संजय सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे प्रतिदिन मुख्यालय से जनपदों की मॉनिटरिंग करेंगे।

**********

चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन आज प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा–अर्चना की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मां चंद्रघंटा से प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की है। इस बीच, प्रदेश के सभी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सहारनपुर जिले के माता शाकुम्भरी मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन करके परिवार की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे है। एक रिपोर्ट–

***सहारनपुर के सिद्धपीठ माता शाकंभरी देवी मन्दिर में चैत्र नवरात्र मेले के प्रथम दिन से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। बाबा भूरादेव मंदिर पर दर्शनार्थियों की चार लाइनें मंदिर परिसर से बाहर मार्ग पर दोनों ओर लग रही हैं। भोर में माता के श्रृंगार और भोग के बाद मंदिर के कपाट खुलने पर  समूची घाटी माता के जयकारे लग रहे हैं। श्रद्धालु अलग–अलग रूपों में देवी शक्ति माता की आराधना कर रहे हैं। बहुत से श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने के बाद भूरादेव से लेट कर माता के दरबार तक पहुंच रहे हैं। विजयंत सैनी, आकाशवाणी समाचार सहारनपुर।***

**********

ईद–उल–फित्र का त्योहार कल पूरे प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्य की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की विशेष नमाज अदा की गयी। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश भर में इकतीस हजार पांच सौ से अधिक स्थानों पर ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए। एक रिपोर्ट–

***प्रदेश में ईद की विशेष नमाज शांति और भाईचारे के साथ अदा की गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को ईद की बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा कि ईद–उल–फितर खुशी और सौहार्द का त्यौहार है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। यातायात की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

आगरा में ईद की विशेष नमाज ताज महल के अलावा जामा मस्जिद, ईदगाह कटघर और शाही मस्जिद सहित अन्य प्रमुख मस्जिदों में अदा की गई। प्रदेश के लखनऊ, जौनपुर, शामली, इटावा, अमरोहा, पीलीभीत, चित्रकूट, मऊ, फर्रूखाबाद, मेरठ, कानपुर, उन्नाव फिरोजाबाद, बदांयू, जालौन, सहारनपुर, गोरखपुर, गाजीपुर, अयोध्या और वाराणसी सहित सभी जिलों में ईद का त्योहार सद्भाव और भाइचारे के साथ मनाया गया।

**********

आईपीएल क्रिकेट मैचों की श्रंखला में आज शाम साढ़े सात बजे से लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम अपना मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी। यह मैच लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई इकाना स्टेडियम में होगा।

**********

कानपुर देहात जिले के रूरा थाना क्षेत्र के शिवली–रूरा मार्ग पर कारी कलवारी गांव के पास आज एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से मां–बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। दुर्घटना के शिकार सभी लोग एक ही बाइक पर सवार होकर रेलवे स्टेशन जा रहे थे कि सामने से डंपर ने ठोकर मार दी।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के भीतर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना जताई है। साथ ही आगामी छह अप्रैल तक मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान भी व्यक्त किया है। इस बीच, बढ़ती गर्मी को देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सफारी के संचालन के समय में बदलाव किया गया है। वहां के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि आज से सुबह की सफारी छह बजे से नौ बजे के बीच और दोपहर बाद साढ़े तीन बजे से साढ़े छह के बीच ही संचालित की जा रही है।

**********